भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1099
22 जुलाई, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

टीका लगवा चुके व्यक्तियों की संख्या

1099. श्री धर्मेन्द्र कश्यप:

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) ऐसे लोगों की संख्या और प्रतिशत क्या है, जिन्हें कोविड वैक्सीन के दोनों डोज़ लग गए हैं;

(ख) सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए टीके के मुफ्त डोज़ लेने वाले लोगों की संख्या और प्रतिशत क्या है;

(ग) टीके का एक भी डोज़ नहीं लेने वाले लोगों की संख्या और प्रतिशत क्या है;

(घ) 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों के टीकाकरण में हासिल हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है;

(ड) क्या सरकार सभी पात्र व्यक्तियों को टीके का बूस्टर डोज़ उपलब्ध कराने की योजना बना रही है; और

(च) यदि हां, तो उक्त लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बनाई गई योजना का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) से (च): कोविड टीकाकरण कार्यक्रम के तहत, 12 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग वाले सभी व्यक्ति टीकाकरण के पात्र हैं। दिनांक 18 जुलाई, 2022 की स्थिति के अनुसार, कुल 92,61,72,661 लाभार्थियों (87.4%) ने कोविड-19 वैक्सीन की दोनों खुराकें प्राप्त कर ली हैं।

सरकारी कोविड टीकाकरण केंद्रों में कुल 1,78,38,52,566 वैक्सीन खुराकें (97.34%) निःशुल्क प्रदान की गई हैं। 18 जुलाई की स्थिति के अनुसार, अनुमानित 4 करोड़ पात्र लाभार्थियों ने कोविड वैक्सीन की एक भी खुराक नहीं ली है।

सरकारी सीवीसी में दिनांक 16 मार्च, 2022 से स्वास्थ्य परिचर्या कर्मियों (एचसीडब्ल्यू), फ्रंट लाइन वर्कर्स (एफएलडब्ल्यू) और 60 वर्ष से अधिक आयु के सभी लाभार्थियों और निजी सीवीसी में दिनांक 10 अप्रैल, 2022 से 18-59 वर्ष आयु वर्ग के लिए एहतियाती खुराक निःशुल्क उपलब्ध है। "कोविड टीकाकरण अमृत महोत्सव" पहल के तहत दिनांक 15 जुलाई से सभी सरकारी सीवीसी में 18 वर्ष और उससे अधिक वाले आयु वर्ग के सभी लाभार्थियों को दूसरी खुराक से 6 महीने के अंतराल के बाद एहतियाती खुराक निःशुल्क उपलब्ध है।

******